Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Regarding compulsory education of martial arts in schools and colleges for girls safety .

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे आज एक महत्वपूर्ण विषय सदन के सामने रखने का मौका दिया है। आए दिन हम लोग ऐसी घटनाएं देख रहे हैं कि बालिकाओं के साथ, हमारी बच्चियों के साथ घटनाएं हो रही हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि सभी स्कूलों, चाहे सरकारी स्कूल हो या प्राइवेट, वहां पर जूडो कराटे और ताईक्वाण्डो की क्लास अनिवार्य की जाए, जिससे लड़कियां सक्षम हो जाएं, उसे सीख सकें और लड़ाई कर सकें। वहां पर योगा क्लासेज भी अनिवार्य हों, क्योंकि आज हमारे युवा, लड़के मानसिक तौर पर किस दिशा में जा रहे हैं, हम इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं। सभी स्कूलों और कॉलेजों में यदि योगा को अनिवार्य कर दिया जाएगा तो हम एक अच्छी मानसिकता और अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ेंगे।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि उनके अच्छे भविष्य के लिए, सेल्फ-डिफेंस के लिए, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और लड़ना सीख सकें, जूडो कराटे और ताईक्वाण्डो क्लासेज अनिवार्य की जाएं। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shrimati V. Sathyabama, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Sharad Tripathi, Shri Bhairon Prasad Mishra and Dr. Manoj Rajoria are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.